संचिका सं०–3 / सी०एस० / एम०–29 / 2024 ...131...

**बिहार सरकार**

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

प्रेषक,

**निशीथ वर्मा,**
अपर सचिव।

सेवा में,

**सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,**
**जिलों के सभी प्रभारी सचिव,**
**सभी प्रमंडलीय आयुक्त,**
**सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक,**
**सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक,**
**सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक**

पटना–15, दिनांक–02-02-2025

विषय : माननीय मुख्यमंत्री की **'प्रगति यात्रा'** के कार्यक्रम के संबंध में।

प्रसंग : विभागीय पत्रांक–76, दिनांक–24.01.2025 एवं विभागीय पत्रांक–84, दिनांक–27.01.2025

महाशया / महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि माननीय मुख्यमंत्री की राज्य में निर्धारित **'प्रगति यात्रा'** के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक–05.02.2025 से दिनांक–21.02.2025 तक राज्य में **'प्रगति यात्रा'** के फरवरी माह का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

इस यात्रा में सामान्य दैनिक कार्यक्रम निम्न प्रकार होंगे।

1. विभिन्न योजनाओं से संबंधित क्षेत्र भ्रमण।
2. जिलास्तरीय समीक्षा बैठक।

माह फरवरी, 2025 में माननीय मुख्यमंत्री की **'प्रगति यात्रा'** का कार्यक्रम निम्नवत् है :–

**भ्रमण तालिका**

| क्रमांक | तिथि | दिन | जिला का नाम | रात्रि विश्राम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05.02.2025 | बुधवार | मुंगेर | वापस पटना |
| 02 | 06.02.2025 | वृहस्पतिवार | लखीसराय / शेखपुरा | वापस पटना |
| 03 | 07.02.2025 | शुक्रवार | जमुई | वापस पटना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04 | 10.02.2025 | सोमवार | नवादा | वापस पटना |
| 01 | 11.02.2025 | मंगलवार | औरंगाबाद | वापस पटना |
| 02 | 13.02.2025 | वृहस्पतिवार | गया | वापस पटना |
| 03 | 14.02.2025 | शुक्रवार | जहानाबाद / अरवल | वापस पटना |
| 04 | 15.02.2025 | शनिवार | बक्सर | वापस पटना |
| 05 | 16.02.2025 | रविवार | भोजपुर | वापस पटना |
| 06 | 18.02.2025 | मंगलवार | कैमूर | वापस पटना |
| 07 | 19.02.2025 | बुधवार | रोहतास | वापस पटना |
| 08 | 20.02.2025 | बृहस्पतिवार | नालन्दा | वापस पटना |
| 09 | 21.02.2025 | शुक्रवार | पटना | वापस पटना |

जिलास्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष, संबंधित जिला के अध्यक्ष, जिला परिषद् एवं केवल जिला मुख्यालय के महापौर / नगर परिषद् के अध्यक्ष उक्त कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

जिला के माननीय प्रभारी मंत्री, माननीय मंत्री (गृह जिला), जिला के सभी माननीय सांसद, माननीय विधायक, माननीय सदस्य, बिहार विधान परिषद् (अपने द्वारा चिन्हित एक जिले में) तथा राज्यस्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अपने गृह जिला में उक्त कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। समीक्षा के बिन्दु निर्धारित विषय—वस्तु के अंतर्गत ही होंगे। जिलाधिकारी उपर्युक्त महानुभावों को ससमय बैठक में भाग लेने की सूचना अपने स्तर से देंगे।

स्थानीय भ्रमण के दौरान जिन विभागों की योजनाओं का उद्घाटन / शिलान्यास / अवलोकन किया जाना है, जिला पदाधिकारी संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव को ससमय संसूचित करेंगे।

संबंधित जिला के जिला पदाधिकारी इस कार्यक्रम की सुरक्षा तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करेंगे।

अतः अनुरोध है कि **'प्रगति यात्रा'** के दौरान निर्धारित किए गए विषयों / आयोजनों एवं समीक्षा बैठकों में सभी जिला से संबंधित पदाधिकारिगण पूर्ण तैयारी के साथ ससमय उपस्थित रहने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन

02/02/25

**(निशीथ वर्मा)**
अपर सचिव

ज्ञापांक–3 / सी०एस० / एम०–29 / 2024 131 / पटना–15, दिनांक– 02-02-2025

प्रतिलिपि–मुख्य सचिव, बिहार / पुलिस महानिदेशक, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। कृपया उक्त तिथियों को कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए अवगत कराने की कृपा की जाय।

02/02/25

(निशीथ वर्मा)
अपर सचिव

ज्ञापांक–3 / सी०एस० / एम०–29 / 2024 131 / पटना–15, दिनांक– 02-02-2025

प्रतिलिपि–विकास आयुक्त, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

02/02/25

(निशीथ वर्मा)
अपर सचिव

ज्ञापांक–3 / सी०एस० / एम०–29 / 2024 131 / पटना–15, दिनांक– 02-02-2025

प्रतिलिपि–सभी माननीय प्रभारी मंत्रीगण एवं जिला के निवासी सभी माननीय मंत्रीगण के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि माननीय मंत्रीगण को अवगत कराने की कृपा की जाय।

02/02/25

(निशीथ वर्मा)
अपर सचिव

ज्ञापांक–3 / सी०एस० / एम०–29 / 2024 131 / पटना–15, दिनांक– 02-02-2025

प्रतिलिपि–मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव / सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

02/02/25

(निशीथ वर्मा)
अपर सचिव

ज्ञापांक–3 / सी०एस० / एम०–29 / 2024 131 / पटना–15, दिनांक– 02-02-2025

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

02/02/25

(निशीथ वर्मा)
अपर सचिव